तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

14 पंचायत सचिवों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही, प्रभावित ...



13 सेन समाज के चौथी बार अध्यक्ष चुने गए शेरसिंह





## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर में बेसुध मिला चालक



**गुरूर।** ग्राम भरींगांव के पास एक ट्रैक्टर में इसका ड्राईवर बेसुध मिला। घटना गुरूवार सुबह 11 बजे की है, तेजधूप में इस प्रकार ट्रैक्टर के इंजन में ड्राईव सीट में बेसुध पड़े युवक को देख राहगीर रूकते देखते एवं सांस चल रही है, शराब के नशे में होगा कहकर चले गए। राह में जब मीडियाकर्मी को युवक तेजधूप में बेसुध दिखा तब राहगिरों को रोककर उसकी पहचान कराई। युवक नजदीक के उसरवारा का होना बताने पर ग्राम उसरवारा में उसकी जानकारी दी गई, तब ग्रामीणों ने युवक को सकुशल उसके घर पहुंचाया।

### भालू की मौत पर अधिकारी कर्मचारियों को नोटिस जारी

**बालोद।** वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे ने कहा कि जिले के वनमंडल बालोद अंतर्गत तांदुला बांध के समीप वन्य प्राणी भालू की संदिग्ध हालत में मौत होने की सूचना मिलने पर वन विभाग के संबंधित अधिकारी–कर्मचारी को स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना बालोद वन परिक्षेत्र के सहायक वन परिक्षेत्र हर्राठेमा से होना संभावित है। संबंधित सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं अधिनस्थ परिसर रक्षकों को स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया है तथा उपवनमंडलाधिकारी बालोद को पत्र जारी कर घटनाक्रम के संबंध में तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त घटना के संबंध में यदि कोई भी अधिकारी–कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।

### चिटौद में शीतला तालाब में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**गुरूर।** ग्राम चिटौद में शीतला तालाब में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। शव की स्थिति को देखकर लगता है कि युवक दो तीन दिन से पानी में डूबा रहा होगा। राहगीरों व ग्रामीणों ने तालाब में युवक का शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। युवक की उम्र लगभग 45-50 साल होगी। युवक के शरीर पर मात्र एक टीशर्ट ही था। ऐसा समझा जा रहा है कि युवक शौच के लिए तालाब किनारे गया हो तभी वह गहरे पानी में डूब गया होगा। युवक की पहचान के लिए पुरूर पुलिस बालोद जिला सहित आस पास के जिलों कांकेर, धमतरी, दुर्ग में भी प्रयास कर रही है। युवक के शरीर में पहचान के निशान तलाशे गए हैं, पर पानी के कारण चमड़ी गलने लगी थी। पुलिस ने फारेंसिक विशेषज्ञ की भी मदद ली है, पर प्रारंभिक रूप से मामला पानी में डूबने का ही सामने आ रहा है, पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

### आलबरस, चंगोरी व अछोटी में फाग प्रतियोगिता 22 से

**अंडा।** जय मां सरस्वती जस एवं जगराता परिवार शिव शक्ति चौक एवं समस्त ग्रामवासी आलबरस के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन 22 एवं 23 मार्च को रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गायन वर्ग में 2501 रूपए, द्वितीय 2001, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001 तथा पंचम पुरस्कार 701 रुपए प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपए, द्वितीय 2501 रूपए, तृतीय पुरस्कार 2001, चतुर्थ पुरस्कार 1501 तथा पंचम पुरस्कार 1001 रूपए प्रदान किया जाएगा। जय कुमार देशमुख एवं चितरंजन साहू ने बताया कि इसी तिथि में चंगोरी एवं अछोटी में भी कार्यक्रम रखा गया है।

# विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए की दाना-पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा गौरैया संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए गए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. सोमाली गुप्ता सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी है। बढ़ते शहरीकरण, पेड़ों की कटाई और आधुनिक जीवनशैली के कारण गौरैया की संख्या तेजी से घट रही है, जिसे बचाने के लिए हमें ठोस प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने भी अपने विचार साझा किए और



■ शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

छात्रों को जागरूकता फैलाने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने की अपील की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को जागरूकता फैलाने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने की अपील की।

ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गौरैया संरक्षण के लिए घोंसले लगाने, दाना–पानी की व्यवस्था करने और पर्यावरण को अनुकूल बनाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में छोटे मिट्टी के पात्र और परिंडे लगाए गए ताकि गौरैया और अन्य पक्षियों को जल व आहार मिल सके।



**मौसम :** नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित बोर जल जाने से प्रभावित हो रही थी पानी सप्लाई

# वार्ड 6 में दूर हुई पानी की समस्या बोर में लगाया गया नया मोटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद व वर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा राहुल उपाध्याय अपने वार्ड सहित नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर सक्रियता से कार्य कर रही है। इस क्रम में वार्ड 6 में पानी की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम व नगर पंचायत उपाध्यक्ष पार्षद नेहा उपाध्याय द्वारा बोर में नया मोटर लगाया गया, ताकि पानी की समस्या दूर हो सके।

ज्ञात हो कि उक्त वार्ड में बोर का मोटर जल गया था, जिससे बोर से पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही थी। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर नगर पंचायत से टैंकर से पानी आ रहा था और अभी भी टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है, ताकि गर्मी में कोई दिक्कत ना हो। पर इस समस्या के स्थाई समाधान पर ध्यान देते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा राहुल उपाध्याय ने नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ मिलकर बोर में नया मोटर लगवाया। लगभग 4 से 5 घंटे तक यह कार्य चला और कार्य सफलता से पूर्ण होने पर वार्ड वासियों ने उनके प्रयास और तत्परता की सराहना की। वार्डवासियों ने कहा कि हमें एक ऐसे ही जनप्रतिनिधि की जरूरत होती है जो उनकी समस्याओं के तुरंत निराकरण और तत्परता से समाधान के लिए सक्रिय हो। नेहा उपाध्याय की सक्रियता और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र के सहयोग को देखकर वार्डवासियों ने हर्ष जताया।

**वार्ड पार्षद तथा नपं उपाध्यक्ष नेहा एवं नपं अध्यक्ष निवेंद्र सिंह की पहल पर लगा नया मोटर**





**टैंकर से भी की जा रही है पानी की सप्लाई**

नया मोटर लगाए जाने से बोर से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से हो रही है। साथ ही टैंकर से भी अतिरिक्त सप्लाई कर पानी की कमी दूर की जा रही है, ताकि आने वाली गर्मी में भी किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इस दौरान प्रमुख रूप से वार्डवासी रतन पटेल, थान सिंह पटेल, धनेश यादव, संतोष यादव, प्रवीण टांक, रमेश सेन, अनुज पटेल, हेमंत पटेल, जितेंद्र पटेल, लता सेन,सीता यादव, ग्वालीन सेन, ममता यादव, शैल टांक, राजकुंवर यादव, उषा दुबे, शैलेन्द्री सेन, दुर्गा पटेल आदि मौजूद रहे।

## जनपद सदस्य धारा पंकज ने नहर पानी देने तहसीलदार को लिखा पत्र



■ पत्र में लिखा– गांवों में लगातार जलस्तर गिरने से पेयजल व निस्तारी की हो रही समस्या

**अंडा/अर्जुंदा।** गर्मी का मौसम आते ही जल स्तर गिरना शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों के सामने पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। पानी की समस्या को दूर करने के लिए जनपद सदस्य धारा पंकज चौधरी ने अर्जुंदा तहसीलदार को पत्र लिखकर धीना जलाशय और खरखरा परियोजना से नहर सिंचित जनपद क्षेत्र मटिया, ओड़ारसकरी खैरबना, चीचा, देवगहन, सिकोला, सलौनी गाँवों में नहर के माध्यम से पानी छोड़ने का आग्रह किया है। जनपद सदस्य धारा पंकज चौधरी ने पत्र में लिखा है कि अब धीरे-धीरे गर्मी तेज होने लगी है। गर्मी बढ़ने से अब गांव का जलस्तर कम हो रहा है, जिससे अधिकांश गाँवों में पीने तथा निस्तारी के लिए पानी की समस्या होने लगी है। गाँवों में भू-जल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। यह गिरता हुआ जल स्तर पानी के भयावह संकट को प्रदर्शित कर रहा है। पानी की समस्या होने से ग्रामीणों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी भारी समस्या होगी। उन्होंने कहा है कि ओड़ारसकरी जनपद क्षेत्र के 6 गांव नहर विस्तार से जुड़े हुए हैं। क्षेत्र के वर्तमान दृश्य को देखते हुए भविष्य में जल संकट की परिस्थिति साफ दिखाई दे रही है। इसलिए आपसे आग्रह है कि जल संकट को दूर करने के लिए तीन दिवस के भीतर नहर से निस्तारी के लिए पानी दिया जाए। उन्होंने कहा कि गाँवों में अब निस्तारी के लिए भी संकट की स्थिति से निपटने में नहर का पानी ही विकल्प रह गया है।

# प्राचार्य के कुल पदों में से 10 प्रतिशत पर सीमित परीक्षा के माध्यम से हो सीधी भर्ती

हरिभूमि न्यूज:बालोद

शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के संगठन का प्रतिनिधिमंडल मंत्रालय और सचिवालय में सम्पर्क कर सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार की एसएलपी खारिज होने के बाद प्रदेश के संविलियन प्राप्त शिक्षकों को क्रमोन्नति और समयमान का लाभ मिले इसके लिए विभागीय आदेश जल्द से जल्द प्रसारित करने की मांग की।



■ शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने शासन से की मांग

शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सहायक शिक्षकों को पदोन्नति के लिए पात्रता हासिल करने के बाद भी पदोन्नति से वंचित रहने पर क्रमोन्नति, समयमान वेतन प्रदान किया जाता है। हाईकोर्ट के निर्णय को ही सुप्रीम कोर्ट ने यथावत रखा है, अतः शिक्षा विभाग क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान प्रदान करें।

जितेंद्र शर्मा ने कहा कि प्राचार्य और व्याख्याता पदोन्नति व पदस्थापना के लिए आज की स्थिति में रिक्त पदों का अद्यतन किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा प्राचार्य और व्याख्याता पद पर पदोन्नति मिल सके। अभी मात्र डीपीसी हुआ है, पदस्थापना काउंसिलिंग के माध्यम से होगी तो ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम कसते हुए पारदर्शी तरीके से होगी, अतः पदस्थापना काउंसिलिंग के माध्यम से ही हो।

छ.ग. स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में प्राचार्य के कुल पदों में से 10 प्रतिशत पदों पर शासकीय शालाओं में कार्यरत व्याख्याता संवर्ग की सीमित परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती का प्रावधान है। वर्तमान में प्राचार्य के कुल स्वीकृत पदों लगभग 4700 में से लगभग 3600 पद रिक्त हैं तथा लगभग 30 वर्षों से प्राचार्य पद पर सीमित परीक्षा से सीधी भर्ती की प्रक्रिया नहीं की गई है, भारी संख्या में पदों की रिक्तता के बावजूद भी उक्त प्रक्रिया को संपन्न न करने के कारण न केवल पात्र व योग्य कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है बल्कि शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

शालेय शिक्षक संघ ने प्राचार्य के कुल स्वीकृत पदों में से 10 प्रतिशत पदों पर नियमानुसार सीमित परीक्षा से भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर अविलंब प्रक्रिया को संपन्न करने बाबत समुचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## केंद्रीय मंत्री तोखन से पूर्व सांसद मोहन व नपं अध्यक्ष प्रमोद ने की मुलाकात...



**गुण्डरदेही।** केंद्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय तोखन साहू से पूर्व सांसद मोहन मंडावी व अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन ने नई दिल्ली में उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रमोद जैन ने गुण्डरदेही के विकास के लिए केंद्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का मांग पत्र सौंपा। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने त्वरित निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को अनुशंसा कर प्रस्ताव भेजने की बात कही। साथ ही नगर पंचायत गुण्डरदेही के विभिन्न विकास कार्यों के बारे में चर्चा की।

# संदिग्ध हालत में हुई महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम निपानी में एक महिला की संदिग्ध हालात में लाश मिलने पर ग्राम में हड़कंप मच गया। एक स्वस्थ महिला की अचानक लाश मिलने से न सिर्फ उसके ससुराल गांव निपानी व मायके ग्राम नेवारीकला में हर कोई अचंभित होकर उसके निधन का कारण पूछने लगा, लेकिन अब तब महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

जानकारी के अनुसार ग्राम नेवारीकला निवासी खुमेश्वरी साहू का विवाह 4 साल पूर्व निपानी के एक लड़के के साथ हुआ था, उनकी एक छोटी बच्ची भी है। घटना 18 मार्च की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार महिला को किसी भी प्रकार से कोई बीमारी नहीं होने की बात सामने आ रही

■ ग्राम निपानी में हुई घटना, चार साल पहले हुआ था नेवारीकला निवासी खुमेश्वरी का विवाह

है। 18 मार्च को निधन होने के बाद 19 मार्च को महिला का पोस्टमार्टम कर उसका अंतिम संस्कार परिजनों द्वारा कर दिया गया है। दोनों ग्रामों में चर्चा के अनुसार खुमेश्वरी साहू सुबह घर का काम कर अपने स्वयं के खेत का काम करने खेत गई हुई थी, जहां खेत से आने के बाद वह अपने घर में सोई हुई थी व जहां खांसी आने के बाद जब ससुराल पक्ष वाले ने उसकी तबीयत खराब होने के बाद मालिश व ईलाज करने की कोशिश की लेकिन वह बेहोश हो गई और बेहोश होने के बाद वह उठ नहीं पाई।

यह भी चर्चा है कि वह खेत से घर आने के बाद जहर का सेवन कर ली होगी और उसने जहर सेवन कर अपने मायके अपनी छोटी भाभी को फोन की और अपनी मां से बात करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उसकी मां खेत गए होने के कारण उसकी बात मां से नहीं हो पाई तभी बात करते-करते वह उल्टी लगने की बात की और फोन काट दी।

### पीएम रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

लेकिन यह दोनों बातें अब तक आधिकारिक रूप से स्पष्ट नहीं हो पाई है और मायके के साथ ससुराल पक्ष के लोग कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं और मायके के साथ ससुराल पक्ष वाले महिला की पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाने की बात कह रहे हैं। अब पीएम रिपोर्ट पर सबकी नजरें टीकी हुई है, पीएम रिपोर्ट में स्वस्थ महिला की मौत अचानक से क्यों हुई यह स्पष्ट हो जाएगा। थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय ने कहा कि मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।

**कलेक्टर ने गुंडरडीह में विकासखंडस्तरीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**

# शासन की योजनाओं का समय पर करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा है कि आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके इसके लिए सभी अधिकारी–कर्मचारी निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

चन्द्रवाल नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर गुण्डरदेही विकासखण्ड में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने कहा कि कोई भी योजना तभी सफलीभूत माना जा सकता है जब उस योजना से समाज के अंतिम पंक्ति के लोग लाभान्वित होने के साथ–साथ



उनके जीवन में भी बदलाव सुनिश्चित हो सके। इसके लिए उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर आम जनता के हित में कार्य करने को कहा। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतिमा ठाकरे झा सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से गुण्डरदेही विकासखण्ड में जल जतन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने पशुधन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। ▸▸| शेष पेज 13 पर

### विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए परियोजना अधिकारी से गुण्डरदेही विकासखण्ड में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के भतऍ प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भतऍ प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अब तक खोले गए बालिकाओं के कुल खातों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने परियोजना अधिकारी से नोनी सुरक्षा योजना, महतारी वंदन योजना, सक्षम योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के कार्यों के अलावा जिले में चलाए जा रहे 'मोर लईका, स्वस्थ लईका' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कृषि विभाग के प्रभारी अधिकारी से गुण्डरदेही विकासखण्ड में जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल के उत्पादन हेतु प्रेरित करने के कार्य के संबंध में जानकारी ली। ▸▸| शेष पेज 13 पर

## ग्राम परसुली में 5 एकड़ की चना फसल में लगाई आग, पुलिस से शिकायत



**गुरूर।** ग्राम परसुली में 2 दिनों में तीन किसानों के 5 एकड़ से अधिक की चना फसल को आग लगाने की शिकायत कंवर चौकी में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 एवं 19 मार्च की रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम के गोपाल ठाकुर के सवा एकड़, राजेन्द्र धुरव के एक एकड़ व विरेन्द्र साहू के तीन एकड़ की चना की फसल में आग लगा दी। ग्रामीणों को दोनों ही दिन आगजनी के शिकार खेत में आग बुझाने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन पूरी फसल जलकर तबाह हो गई। प्रथम दिन आगजनी की घटना के बाद दूसरे दिन ग्रामीण सतर्क थे। ग्रामीणों ने इस संबंध में बैठक भी की एवं सुरक्षा के उपाय भी किए, लेकिन उसके बाद भी शरारती तत्व दूसरे दिन भी खेत में आग लगाने में सफल रहे। मामले की किसानों ने ग्राम प्रमुखों के साथ जाकर कंवर चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कुछ लोगों पर शंका भी व्यक्त की है। मामले में पुलिस पड़ताल कर रही है।

